# बिहार सरकार
# पथ निर्माण विभाग

## ।। अधिसूचना ।।

अधि० सं० :– 02/स्था०–3012/91 4270 (S) पटना, दिनांक : 22/06/26

भारत के संविधान के अनुच्छेद–309 के परन्तुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल एतद् द्वारा बिहार तकनीकी सेवा नियमावली–1999 में संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते है :–

1. संक्षिप्त नाम विस्तार एवं प्रारम्भ–

(1) यह नियमावली **"बिहार तकनीकी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2026"** कही जायेगी।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण बिहार राज्य में होगा।

(3) यह राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगा।

2. **बिहार तकनीकी सेवा नियमावली–1999 के नियम–(7) का प्रतिस्थापनः–**

उक्त नियमावली के नियम–(7) को निम्नरूपेण प्रतिस्थापित किया जायेगाः–

"(7) सीधी भर्त्ती द्वारा नियुक्तिः–

(क) शोध सहायक के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से विज्ञान स्नातक (भौतिकी, रसायन, गणित तथा भू–गर्भशास्त्र में से कोई तीन विषय सहित) होगी।

(ख) शोध सहायक के रिक्त पद की अधियाचना पथ निर्माण विभाग द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग को संसूचित की जायेगी। इन पदों पर चयन के लिए 100 अंको की CBT (Computer Based Test) आधारित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसमें स्नातक स्तरीय निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न होंगेः–

(i) सामान्य हिन्दी
(ii) सामान्य ज्ञान
(iii) भौतिक शास्त्र
(iv) रसायन शास्त्र
(v) गणित
(vi) भू–गर्भ शास्त्र"

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–02/स्था०–3012/91 4271 (S) पटना, दिनांक 22/06/26

प्रतिलिपि– महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–02 / स्था०–3012 / 91 4271(S) पटना, दिनांक 22/6/26

प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, ई०–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को दो हार्ड कॉपी एवं सी०डी० के साथ बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित (द्वारा आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना)।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–02 / स्था०–3012 / 91 4271(S) पटना, दिनांक 22/6/26

प्रतिलिपि– सभी विभाग / सभी विभागाध्यक्ष / सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार, पटना / अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / अपर सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग / निदेशक, प्रशिक्षण, परीक्षण एवं शोध संस्थान, पटना / लोकायुक्त के सचिव, बिहार, पटना / मुख्यालय स्थित सभी राजपत्रित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–02 / स्था०–3012 / 91 4271(S) पटना, दिनांक 22/6/2026

प्रतिलिपि – मुख्य सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :–02 / स्था०–3012 / 91 4271(S) पटना, दिनांक 22/6/26

प्रतिलिपि – अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर प्रचारित करने हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।